एक नजर

तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेवा भारती का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

इटारसी। राष्ट्रीय सेवा भारती एवं प्रांतीय 150 महिला प्रशिक्षण वर्ग का तीन दिवसीय कार्यक्रम इटारसी के समीप धुरपन स्थित आशा महेंद्र शुक्ला जनजाति कन्या छात्रावास में सफलतापूर्वक हुआ। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण वर्ग में देश भर से लगभग 150 महिलाओं ने सहभागिता की और सेवा कार्य से संबंधित विषयों पर गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा उपस्थित रहीं। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों राजकुमार मटाले अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख, श्रीमती रेनू पाठक राष्ट्रीय महामंत्री, श्रीमती अमिता अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य ने भी महिलाओं को विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण के मुख्य विषय तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को सेवा भारती के मुख्य उद्देश्यों—सेवा, संस्कार, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और समरसता—जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। इन विषयों के माध्यम से महिलाओं को सामाजिक उत्थान और सेवा कार्यों में उनकी भूमिका के लिए तैयार किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन मंत्री सुरेंद्र सोलंकी, जिला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया, विजय अग्रवाल, राजू अग्रवाल आदि का योगदान रहा.

स्मार्ट फिश पार्लर का संचालन नपा इटारसी कराए

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/17,नवम्बर,2025/ नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में उपसंचालक कृषि श्री जे आर हेडाऊ को निर्देश दिए कि वह सप्ताह में 1 दिन जिले में किसी भी स्थान पर जैविक हाट बाजार लगाना सुनिश्चित करें। जैविक हाट बाजार में जैविक सामग्री, जैविक खाद एवं औषधि की मार्केटिंग की जाए। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन को निर्देश दिए कि वह इटारसी में बनाए गए स्मार्ट फिश पार्लर में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए उसका संचालन शुरू करवाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने जिले में पुन: कई जगह नरवाई जलाने की घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी किसानों को समझाइश दी जाए कि वह नरवाई ना जलाएं। उन्होंने एक बगिया मां के नाम के तहत दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहां की अगले सप्ताह उन्हें लक्ष्य पूर्ति के संबंध में जानकारी से अवगत कराया जाए। उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग की कामधेनु योजना में अदयतन प्रगति लाने के निर्देश दिए साथ ही कहां की गौशालाएं बढ़ाने की दिशा में भी संबंधित विभाग आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के तहत केस

कल्चर के तहत बजट आवंटन की मांग करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिलों में केस कल्चर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है अत: बजट शासन से प्राथमिकता से मांग कर लक्ष्य की पूर्ति की जाए। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए साथ ही उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि वह जिला पोषण विकास समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करें। उन्होंने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि वह आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान प्रारंभ कराए और दिए गए लक्ष्य के अनुसार सत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। 70 वर्ष से अधिक एवं सामान्य वाला कार्ड भी दिए गए लक्ष्य के अनुरूप शत् प्रतिशत बनाया जाए। कमिश्नर ने गत दिसंबर माह में हुए इन्वेस्टर कॉन्क्लेव में लिए गए निर्णय एवं वादे को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वकर्मा योजना अंतर्गत हितग्राहियों को ऋण वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही कहां की विश्वकर्मा योजना के तहत ऋण वितरण की मॉनीटरिंग भी सजग रूप से की जाए। कमिश ?नर ने जिला स्तरीय कौशल विकास समिति की बैठक भी नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई अधिकारी उक्त बैठक आयोजित करें। उन्होंने अवैध कॉलोनी को नियंत्रित करने के निर्देश दिए। और कहां की नगर पालिका तत् संबंध में आवश्यक संज्ञान लेते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें।कमिश्नर ने राम पथ गमन पथ पर विकास कार्य करने के भी निर्देश दिए, और कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातिय कार्य विभाग विद्यार्थियों को समय पर शिष्यावृती एवं छात्रवृत्ति देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय एवं अ शासकीय स्कूल समय पर खुलें। अध्यापक गण अध्यापन में नवीन तकनीकी का उपयोग करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने अधीक्षण यंत्री पीएच ई को निर्देश दिए कि वह जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन का कार्य हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले में 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

दो विभागों के बीच में फंसा स्मार्ट फिश पार्लर

वैसे तो संभाग में कमिश्नर के आदेश मानने के लिये जिला कलेक्टरों के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों को मानने के लिये तैयार रहना चाहिए पर ऐसी बिडम्बना होती है कि कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी पिछले डेढ वर्षों से जितने भी आदेश जिला कलेक्टरो को देते हैं उस पर कोई विशेष ध्यान नहीं देता है. चाहे वह खनिज विभाग का मामला हो, पुलिस विभाग का हो, आबकारी विभाग का हो, ऐसे सभी विभाग उनके आदेशों को सिरे से नकार देते हैं. ऐसा ही प्रत्यक्ष उदाहरण कमिश्नर ने मीटिंग के दौरान इटारसी में स्मार्ट फिश पार्लर का संचालन शीघ्र कराये जाने का आदेश तो दे दिया है. लेकिन मत्स्य विभाग ने इटारसी नगरपालिका को जो भुगतान किया था उसमें नपा द्वारा भवन निर्माण तो कर दिया लेकिन डीफ्रिजर एवं अन्य सुविधाओं के लिये बजट सिर्फ 30 हजार देना ही बता रहे हैं. वहीं दूसरी ओर **इटारसी नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने** बताया कि हमने भवन निर्माण तो कर दिया है पर जो बजट उन्होंने दिया है उसमें हम सामान और डिफ्रीजर नहीं लगा सकते क्योंकि उनका बजट बहुत ही कम है.

चौरसिया महासभा ने कर्मठ महिलाओं का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

इटारसी, 17 नवम्बर चौरसिया महासभा दिल्ली महिला प्रकोष्ठ की ओर से स्थानीय ईश्वर सभागृह में 'अनमोल मणि सम्मान समारोह' में महिला प्रकोष्ठ की कर्मठ महिलाओं का सम्मान किया, जो दो चरणों में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ प्रोटोकॉल के तहत दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद मध्य प्रदेश की अध्यक्ष श्रीमती ममता मुकेश चौरसिया ने प्रार्थना प्रस्तुत की।

मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और नर्मदांचल के विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा रहे। महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. इंदु प्रदीप चौरसिया ने राष्ट्रीय, प्रादेशिक व स्थानीय पदाधिकारियों को सम्मानित किया। दूसरे चरण के सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक डॉ. शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना सीतासरन शर्मा ने आतिथ्य किया। विधायक डॉ. शर्मा ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दीं। सम्मान स्वरूप, आदर्श चौरसिया महिला मंच इटारसी ने विधायक को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं की भागीदारी – इस आयोजन में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान, और मध्य प्रदेश से लगभग साठ महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर मिसाल कायम की और सम्मान प्राप्त किया। नागपुर आदर्श चौरसिया महिला मंच ने इटारसी की आदर्श चौरसिया महिला मंच की महिलाओं का मोती माला पहनाकर विशेष सम्मान भी किया। दूसरे चरण में मुख्य रूप से सांस्कृतिक आयोजन में कराओके प्रतियोगिता और रेट्रो थीम प्रतियोगिता में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने भी प्रस्तुतियां दीं। मंच संचालन गीता चौरसिया और विनीता मोहन चौरसिया ने किया.

रोजगार मेला आज

हरदा रोजगार मेले का आयोजन आज मंगलवार 18 नवंबर को 10 बजे से 4 बजे तक हरदा डिग्री कॉलेज, में परिसर में होने जा रहा है। इनमें गुजरात की एमआरएफ टायर वर्क्स, ग्राम पुकार अहमदाबाद, कोटक जेनेटिक्स लिमिटेड हैदराबाद, रामोमा फटिलाइजर कम्पनी, इन्दौर से लाइफ लाइन ऐसी 23 कंपनियां सहभागिता कर रही है.

ग्राम गोला में ईंट निर्माण को लेकर विवाद गहराया

नव भारत न्यूज

हंडिया 17 नवम्बर ग्राम गोला—मैदा—सीगोन क्षेत्र में ईंट निर्माण को लेकर दो समाजों के बीच विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी को लेकर प्रजापति समाज के लोगों ने सोमवार को तहसीलदार हंडिया और थाना प्रभारी हंडिया—दोनों को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा देने और धमकी देने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। प्रजापति समाज से जुड़े मुकेश पिता बाबूलाल, राहुल पिता बाबूलाल, सुंदरलाल पिता चंपालाल, श्रवण पिता गोपाल, राजू पिता गोपाल, पन्नालाल पिता रामलाल (ग्राम हंडिया) तथा महेंद्र पिता रामगोपाल और नरेंद्र पिता रामगोपाल (ग्राम हीरापुर) ने बताया कि वे पिछले 16 वर्षों से

ईंट निर्माण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन के सभी नियमों का पालन कर कलेक्टर, एसडीएम, खनिज विभाग, तहसील कार्यालय और थाना हंडिया — सभी जगह से स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही इस वर्ष ईंट निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

विवाद करने का आरोप- प्रजापति समाज ने बताया कि विरोधी पक्ष उनके वाहनों को रास्ते में रोक लेते हैं।

शांतिपूर्वक काम करने की मांग- प्रजपति समाज ने तहसीलदार और थाना प्रभारी दोनों से मांग की है कि मामले की जाँच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए.

ब्लड बैंक सोसाइटी को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरदा जिला अस्पताल में संचालित ब्लड बैंक में सोसाइटी गठन की मांग को लेकर जमना जैसानी फाउंडेशन ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच पी सिंह हरदा को ज्ञापन सौंपा।

वर्ष 1980 बैच के छात्रों का मिलन समारोह

नवभारत न्यूज

इटारसी, 17 नवम्बर शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय के सत्र 1979- 80(विज्ञान संकाय) के पूर्व छात्रों का मिलन समारोह रविवार को ईश्वर रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ।

इस मित्र समागम में करीब 50 पूर्व छात्र सपरिवार शामिल हुए, अपने व्यवसाय और नौकरी के कारण वर्षों पूर्व शहर छोड़ चुके छात्रों ने भी इसमें विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना और सरस्वती पूजन से हुआ। इसके पश्चात पूर्व छात्रों ने अपने पुराने संस्मरण और यादों को साझा किया। गीत,संगीत, नृत्यऔर मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लेकर पुराने दिनों और बचपन को याद करने

का प्रयास किया। कार्यक्रम की प्रतियोगिताओं में सफल छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया अंत में पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। स्वागत उद्बोधन अजय शुक्ला तथा धन्यवाद ज्ञापन सुधीर गुप्ता ने किया. कार्यक्रम का संचालन सुधांशु मिश्र ने किया। मित्र समागम के आयोजन में पूर्व छात्र कृष्ण मोहन दुबे, अशोक तिवारी, सुनील तिवारी, मोहन मालवीय, सुनील पहुरकर, अनिल खंडेलवाल रामकुमार चौधरी की सक्रिय भागीदारी रही।

चित्रकला के सर्टिफिकेट किये भेंट

नवभारत न्यूज

हरदा, 17 नवम्बर कलागृह द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी के अंतिम दिवस रविवार को सुबह राजपूत छात्रावास में सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान मुख्य माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली ज्योति रात्रे,साहित्यकार डॉ विनीता रघुवंशी,प्रसिध्द चित्रकार डॉ रविन्द्र भागवत,मोटिवेशनल स्पीकर महेंद्र दोगने उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रात्रे ने कहा कि हमको अपनी कमजोरी को अपनी ताकत बनाना चाहिए,सबके सामने अपनी एवरेस्ट है उसे फतह करने का संकल्प ले। डॉ विनीता रघुवंशी ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को तराशने की आवश्यकता है,रचनात्मकता का गुण सभी में होता है।डॉ रविन्द्र भागवत ने कहा कि ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए,उन्होंने आयोजन की सराहना की।

बलराम पटेल की स्मृति में कवि सम्मेलन आज

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 17 नवम्बर सिवनी मालवा जय स्तम्भ चौक पर वर्षो बाद कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश के जानेमाने कवियों के द्वारा रचनाओं को प्रस्तुत किया जाएगा। कवि सम्मेलन का आयोजन मंगलवार 18 नवंबर शाम 7 बजे से कांग्रेस नेता एवं नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष युवा पार्षद अजय पटेल के द्वारा दादा स्वर्गीय बलराम पटेल की स्मृति में किया जा रहा है। दादा स्वर्गीय बलराम पटेल के पौत्र नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष अजय पटेल एवं मित्र मंडल ने बताया कि नगर में वर्षों बाद कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें संचालक शशिकान्त यादव, गीतकार अमन अक्षर, ओज कवि अभय निर्भीक, हास्य कवि दिनेश देशी घी, चेतन चर्चित, व्यंग्य कवि ब्रजकिशोर पटेल, रस कवियत्री शशि श्रेया, गजल एवं गीतकार सरिता सरोज अपनी प्रस्तुति देंगी। श्रोताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की

बाल मेला आयोजित

खिरकिया । सेंट जूड्स को-एड स्कूल खंडवा रोड छिपावड़ परिसर में बाल मेला का भव्य आयोजन किया गया,कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्षा इंदरजीत कौर खन्नूजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्तिथ रही। मेले में कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और 109 स्टॉल लगाए गए, जिनमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन, हस्तशिल्प, और अन्य आकर्षक वस्तुओं की प्रदर्शनी की गई।मेले के दौरान एक लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया,

करंट लगने से महिला की मृत्यु

पिपरिया मटकुली में एक महिला को केटली में पानी गर्म करते समय बिजली का करंट लग जाने से मौत हुई। एलआईसी एजेंट कमलेश मेहरा की पत्नी मनीषा मेहरा 32 वर्ष मटकुली में अपने घर पर केटली में पानी गर्म कर रही थी इसी दौरान करंट लगा उसे बचाने का प्रयास किया किंतु उसकी मृत्यु हो गई.

संघ शताब्दी वर्ष में विद्यार्थियों का पथ संचलन

नवभारत न्यूज

बनखेड़ी नगर में संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शालेय विद्यार्थियों का पथ संचलन आयोजित किया गया. संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत बनखेड़ी नगर में शालेय विद्यार्थियों द्वारा अनुशासन, देशभक्ति और संस्कृति का संदेश देते हुए भव्य पथ संचलन निकाला गया। यह संचलन सरस्वती शिशु वाटिका से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होता हुआ नगर परिषद शिशु वाटिका परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मनीष सहारिया (विभाग घोष प्रमुख) द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरणादायक बोधक प्रदान किया गया, जिसमें उन्होंने संघ के आदर्शों, अनुशासन

तथा राष्ट्रवादी संस्कारों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखन लाल महलगवैया, खंड संघ चालक, तथा सुनील भार्गव, नगर कार्यवाह नरेंद्र , सुनील रघुवंशी, धर्मेंद्र नागवंशी , ध्रुव उरहा, हेमराज सराठे , सिद्धू यादव, अजय नागवंशी मोहन कुशवाहा, सूरज सोनी सहितं नगर के वरिष्ठ नागरिक, एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों के लिये करियर काउंसलिंग कार्यशाला

नवभारत न्यूज

माखननगर विगत दिवस श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में प्राचार्य डॉ नीता चौबे के कुशल नेतृत्व एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर क्षमा मेहरा के मार्गदर्शन में कैरियर काउंसलिंग संचालन शिविर आयोजित किया गया, रोजगार कार्यालय से आए मुख्य वक्ता कैरियर काउंसलर श्री जितेंद्र राजपूत द्वारा केंद्रीय और स्टेट गवर्नमेंट प्रतियोगिता परीक्षाओं पर प्रकाश डाला, श्रीमती स्वाति गुप्ता (मनोवैज्ञानिक) द्वारा विद्यार्थियों की कमजोरी पर विस्तार से जानकारी साझा की । श्रीमती स्वाति गुप्ता के साथ विद्यार्थियों ने

प्रश्नोत्तरी कर कमजोरी से कैसे पीछा छुड़ाएं इस समस्या के समाधान पर खुलकर चर्चा की। श्री अनुपम तिवारी द्वारा विद्यार्थियों को स्वयं के व्यवसाय पर व्याख्यान दिया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय समस्त स्टॉप उपस्थित रहा। डाक्टर क्षमा मेहरा ने बतलाया कि इस शिविर में लगभग 150 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे।

एमजीएम कॉलेज में विशेष प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

इटारसी। शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से पेपर आर्ट (कागज की कलाकृतियां) पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में बैंगलोर से आए जाने-माने पेपर आर्टिस्ट डीके राय ने विद्यार्थियों और महाविद्यालय के फैकल्टी सदस्यों के सामने पेपर से विभिन्न कलाकृतियां बनाने की कला का प्रदर्शन किया। प्राचार्य ने बताया स्वावलंबन का हुनर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस

कला का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह हुनर विद्यार्थियों को रोजगार के क्षेत्र में स्वावलंबन प्रदान कर सकता है।

आयुष शर्मा का अल्प आयु में निधन

सिवनी मालवा उपनगरीय बानापुरा में पालीवाल खाद भंडार बानापुरा संचालक वरिष्ठ समाजसेवी पंडित बालकृष्ण शर्मा के पोते, अमित शर्मा के पुत्र, तरुण शर्मा के भतीजे आयुष का वीमारी के कारण अल्प आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त हो गया। आयुष शर्मा का अंतिम संस्कार बानापुरा मुक्ति धाम में किया गया। अंतिम यात्रा में सैंकड़ों गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, डॉक्टर, ग्रामीणों एवं शुभचिंतक पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

समाधान योजना में 19 करोड़ 31 लाख सरचार्ज हुआ माफ

प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर योजना का लाभ उठाएं

अब तक 28 हजार 478 बकायादार उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/17,नवम्बर,2025 / विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 का लाभ हजारों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरणर कंपनी ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में अब तक 28 हजार 478 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 35 करोड़ 47 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 19 करोड़ 31 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कंपनी के बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल होकर सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे।

अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

समाधान योजना 2025-26 - एक नजर में

समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमश: कम होता जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगी जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में जो कि एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी, इसमें 50 से 90 फीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। प्रथम चरण में एकमुश्त राशि जमा कराने पर अधिकतम लाभ होगा। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल हेतु portal.mpcz.in पर पंजीयन कराना होगा। कंपनी के उपाय ऐप पर भी पंजीयन की सुविधा शीघ्र ही मिलने लगेगी। पंजीयन के दौरान अलग-अलग उपभोक्ता श्रेणी के लिए पंजीयन राशि निर्धारित की गई है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत तथा गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 25 प्रतिशत भुगतान कर पंजीयन कराकर योजना में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं। विस्तृत विवरण तीनों कंपनियों की वेबसाइटों पर भी देखा जा सकता है साथ ही विद्युत वितरण केंद्र में पहुंचकर भी योजना के संबंध में जानकारी ले सकते हैं।

न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी

इश्तहार /प्रेस विज्ञप्ति

रा0प्र0क्र0 0037 अ-20(3) वर्ष 2025-26

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक मकबूल एहमद आ0 शब्बीर अहमद निवासी रतलाम, हाल निवासी नेहरूगंज इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110 म0प्र0भू0रा0 संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं0 03 प्लाट नं 3/45अ, 7/8अ कुल रकबा 480 व0फु0 भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदक की पत्नि श्रीमति नजबुन निशा पुत्री मुस्तफा उर्फ मुशरफ खान के नाम दर्ज है। आवेदक की पत्नि श्रीमति नजबुन निशा का निधन लाऔलाद दिनांक 05/05/2021 को हो गया है एवं उनके निधन उपरांत एक मात्र विधिक वारसान पति आवेदक मकबूल एहमद आ0 शब्बीर अहमद हैं इसके अतिरिक्त नजबुन निशा के अन्य कोई विधिक वारसान नही है। अत: आवेदक द्वारा उक्त वर्णित संपति पर फौती आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 26/11/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। **नोट:-** नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की प्रवाही आगामी कार्य दिवस में होगी.

नजूल अधिकारी, इटारसी

न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी

इश्तहार /प्रेस विज्ञप्ति

रा0प्र0क्र0 0034 अ-20(3) वर्ष 2025-26

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण श्रीमति पुष्पा भावसार पंवा राजेन्द्र भावसार एवं अन्य-02 निवासी नेहरूगंज इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110 म0प्र0भू0रा0 संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं0 06 प्लाट नं 17/2ब रकबा 350 व0फु0 भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदिका क्रमांक-01 के पति एवं आवेदकगण क्रमांक-2 लगायत 4 के पिता राजेन्द्र भावसार के नाम दर्ज है। आवेदकगणों के पिता/पति भूमिस्वामी राजेन्द्र भावसार का निधन हो चुका है एवं आवेदकगण ही उनके विधिक वारसान है। अत: आवेदकगणों द्वारा उक्त वर्णित संपति पर फौती आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 24/11/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। **नोट:-** नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

नजूल अधिकारी, इटारसी